# प्रेस नोट

## दिनांक 07.03.2026

# संपूर्ण समाधान दिवस

आज दिनांक 07.03.2026 को जनपद हमीरपुर की तहसील सभागार सरीला में आयोजित "सम्पूर्ण समाधान दिवस" के अवसर पर श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर एवं पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही जमीनी विवादों के प्रकरणों में पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सरीला सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

